चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 1254
दिनांक : 01-08-023

अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : बी0ए0बी0एड0 व बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं हेतु प्रेषित चतुर्थ वर्ष के परीक्षकों से चतुर्थ वर्ष की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें शीघ्र सम्पन्न कराये जाने एवं त्रुटिवश प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के प्रेषित परीक्षकों की सूची निरस्त करने के सम्बन्ध में।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बी0ए0बी0एड0 व बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम में चतुर्थ वर्ष में ही प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षायें निर्धारित हैं किन्तु त्रुटिवश अधिकृत एजेन्सी द्वारा त्रुटिपूर्ण डाटा उपलब्ध कराये जाने के कारण प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष हेतु भी परीक्षकों की सूची सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों को प्रेषित कर दी गयी हैं।

अतः बी0ए0बी0एड0 व बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं हेतु त्रुटिवश प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के प्रेषित परीक्षकों की सूची निरस्त की जाती है तथा प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक से अनुरोध है कि चतुर्थ वर्ष हेतु नामित परीक्षकों से चतुर्थ वर्ष की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक पोर्टल पर अपलोड कर अंकपर्ण की दो प्रतियां (कुलसचिव प्रति एवं टैबुलेटर प्रति) खिड़की नं0–40 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष–शिक्षा को सूचनार्थ।
5. प्रभारी वेबसाईट को इस आशय से कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1021